# अभ्यास प्रश्न-पत्र : 2 (2020-21)

## कक्षा-12

## विषय- राजनीति विज्ञान (028)

**समय : 3 hrs.** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश:-**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. खंड ए में 1-16 तक सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं।
3. खंड बी में अवतरण पर आधारित प्रश्न 17 और 18 हैं और प्रत्येक 1 अंकीय प्रश्न बहु-विकल्प पर आधारित है।
4. प्रश्न संख्या 19-22 में 2 अंक हैं। इन सवालों के जवाब प्रत्येक के 40 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
5. प्रश्न संख्या 23-27 में प्रत्येक पर 4 अंक हैं। इन सवालों के जवाब 100 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
6. प्रश्न संख्या 28-29 मानचित्र और कार्टून प्रश्नों से संबंधित है, जिनमें से प्रत्येक के अनुसार 5 अंक दिए जा सकते हैं।
7. प्रश्न संख्या 30-32 में प्रत्येक प्रश्न 6 का अंक हैं। इन प्रश्नों का उत्तर प्रत्येक का 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

### <u>खंड - ए</u>

**1** भारत में वामपंथी कहे जाने वाले दलों की क्या विचारधारा रही है 1

2 क्यूबा मिसाइल संकट से संबंधित सही वर्ष लिखिए। 1

3. सोवियत संघ के विघटन से सम्बंधित सही तिथि चुनिए । 1

i) 25 जनवरी 1991

ii) 25 मार्च 1991

iii) 25 जून 1991

iv) 25 दिसंबर 1991

4. ग्लास्नोत शब्द से आप क्या समझते है? 1

5. रूस के पहले निर्वाचित राष्ट्रपति का नाम लिखें । 1

6 कौन सा युद्ध वीडिओ गेम वॉर के नाम से जाना जाता है। 1

7. "माचिस की एक तीली क्रांति प्रज्वलित कर सकती है....."? प्रस्तुत कथन का संबंध किस क्रांति से है. 1

8. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहाँ है ? 1

9. दिए गए कथन के लिए सही अथवा गलत लिखिए । 1

सुरक्षा परिषद् में कुल 50 अस्थायी सदस्य हैं ।(सही /गलत)

10. W.T.O का क्या कार्य है? 1

11. GDP का सही विस्तृत रूप लिखिए । 1

12. नीति आयोग का गठन कब किया गया । 1

13. राष्ट्रीय विकास परिषद की स्थापना किस वर्ष हुई ? 1

i) 1950 ii) 1952

iii) 1954 iv) 1956

14. दिए गए कथन के लिए सही अथवा गलत लिखें। 1
स्वतंत्र भारत के प्रथम विदेश मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल जी थे ।

15. U.P.A-1 सरकार में प्रधानमंत्री जी कौन थे ? उनका नाम लिखिए। 1

16 जिस प्रधानमंत्री के समय “जन धन योजना” प्रारम्भ हुई, उनका नाम लिखिए। 1

## खंड - बी

17. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:- (1+ 1+ 1 + 1 = 4)

21 वीं सदी में पश्चिम एशियाई देशों में लोकतंत्र और लोकतंत्रीकरण के लिए नए विकास का उद्भव हुआ, एक ऐसी घटना अरब स्प्रिंग के रूप में दिखाई देती है जो 2009 में शुरू होती है। ट्यूनिशिया में स्थित अरब स्प्रिंग ने अपनी जड़ें जमा लीं, जहां जनता द्वारा भ्रष्टाचार, बेरोज़गारी और गरीबी के खिलाफ शुरू किया संघर्ष एक राजनीतिक आंदोलन में बदल गया क्योंकि जनता मौजूदा समस्याओं को निरंकुश तानाशाही के परिणाम के रूप में मानती थी। ट्यूनिशिया में शुरू हुई लोकतंत्र की मांग, पश्चिम एशिया में मुस्लिम बहुल अरब देशों में फैल गई । होस्नी मुबारक, 1979 से मिस्र में सत्ता में थे, बड़े पैमाने पर लोकतांत्रिक विरोध के परिणामस्वरूप सत्ता से हटा दिए गए । इसके अलावा, अरब स्प्रिंग का प्रभाव यमन, बहरीन लीबिया और सीरिया में भी देखा जा सकता है, जहां लोगों के इसी तरह के विरोध प्रदर्शन से पूरे क्षेत्र में लोकतांत्रिक जागृति पैदा होती है।

17.1 किस वर्ष पश्चिम एशियाई देशों ने लोकतंत्र और लोकतंत्रीकरण के लिए नए विकास का उद्भव देखा?

a) 1979
b) 1989
c) 2009
d) 2019

17.2 ट्यूनीशिया में संघर्ष का मुख्य एजेंडा क्या था जो राजनीतिक आंदोलन में बदल गया ?

a) भ्रष्टाचार
b) बेरोजगारी
c) गरीबी
d) उपरोक्त सभी

17.3 पश्चिम एशियाई देशों में वह पहला देश कौन सा था जिसने लोकतंत्र की माँग की?

a) ट्यूनीशिया
b) यमन
c) बहरीन
d) लीबिया

17.4 1971 में मिस्र में किसने सत्ता हासिल की?

a) होस्नी मुबारक
b) शेख मुबारक
c) शेख अब्दुल्ला
d) मुबारक अब्दुल्ला

18. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:- (1+ 1+ 1 + 1 = 4)

भारत ने परमाणु अप्रसार के लक्ष्य को ध्यान में रखकर की गई संधियों का विरोध किया क्योंकि यह संधियां उन्हीं देशों पर लागू होने को थी जो परमाणु

शक्ति शक्ति संपन्न नहीं थे  थे । इन संधियों के द्वारा परमाणु हथियारों से लैस देशों की जमात के परमाणु शक्ति पर एकाधिकार को वैधता दी जा रही थी। इसी कारण 1995 में जब परमाणु अप्रसार संधि को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया गया तो भारत ने इसका विरोध किया और उसने व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर भी हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया ।भारत  ने 1998  के मई में परमाणु परीक्षण किए और यह जताया कि उसके पास सैन्य उद्देश्यों के लिए अणु शक्ति को इस्तेमाल में लाने की क्षमता है। इसके तुरंत बाद पाकिस्तान ने भी परमाणु परीक्षण किए जिससे  इस  क्षेत्र में परमाणु युद्ध की आशंका को बल मिला ।अंतरराष्ट्रीय बिरादरी भारतीय उपमहाद्वीप में हुए परमाणु परीक्षण को लेकर बहुत नाराज़ थी और उसने भारत तथा पाकिस्तान ,दोनों पर कुछ प्रतिबंध लगाए जिन्हें बाद में हटा लिया गया। भारत की परमाणु नीति में  सैद्धांतिक तौर पर यह बात स्वीकार की गई है कि भारत अपनी रक्षा के लिए परमाणु हथियार रखेगा लेकिन इन हथियारों का 'प्रयोग पहले नहीं' करेगा ।भारत की परमाणु नीति में यह बात दोहराई गई है कि भारत वैश्विक स्तर पर लागू और भेदभाव विहीन परमाणु निशस्त्रीकरण के प्रति वचनबद्ध है ताकि परमाणु हथियारों से मुक्त विश्व की रचना हो ।

18.1भारत ने परमाणु अप्रसार संधि का विरोध क्यों किया ?

a) क्योंकि यह उन्हीं देशों पर लागू थी जो परमाणु शस्त्रों से विहीन थे।

b)  इससे परमाणु शक्ति से लैस देशों के एकाधिकार को वैधता मिलती थी।

c)  भारत विश्व शांति का विरोध करता है।

d)   a) और b) दोनों सही है।

18.2भारत ने सैन्य क्षेत्र में परमाणु क्षमता कब प्राप्त की ?

a) 1998 b) 1995

c) 1976 d) 1974

18.3 भारत की परमाणु नीति के विषय में निम्न में कौन सा कथन सही है?

a) भारत अपनी रक्षा के लिए परमाणु हथियार रखेगा।

b)भारत परमाणु हथियारों का प्रयोग पहले नहीं करेगा।

c))भारत  भेदभाव विहीन परमाणु निशस्त्रीकरण के प्रति वचनबद्ध है।

d) उपरोक्त सभी।

18.4 उपरोक्त अनुच्छेद में ‘परमाणु हथियारों से लैस देशों की जमात’ किन देशों के लिए प्रयोग किया गया है?

a) भारत, पाकिस्तान, अमेरिका,रूस, ब्रिटेन

b) अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, भारत, रूस

c) अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन

d) अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, पाकिस्तान

## <u>खंड - सी</u>

**19.** दक्षेस से आप क्या समझते हैं? इसमें शामिल सभी देशों के नाम लिखिए? 2

20. ‘विलय का सहमति पत्र' से आप क्या समझते हैं? 2

21.तीसरा लोकतांत्रिक अभ्युथान एक प्रतिस्पर्धी चुनावी बाजार का प्रतिनिधित्व करता है स्पष्ट करें। 2

22. शास्त्री जी के प्रधानमंत्रित्व काल में देश को किन दो चुनौतियों का सामना करना पड़ा ? 2

अथवा

ब्रिक्स में शामिल किन्ही चार देशों के नाम लिखें ? 2

**खंड - डी**

23. शीत युद्ध के दायरों से आप क्या समझते हैं? व्याख्या कीजिये। 4

24. जयप्रकाश नारायण की 'संपूर्ण क्रांति' से आपका क्या तात्पर्य है? 4

25. वैश्वीकरण ने भारत को किस प्रकार प्रभावित किया ? उदाहरण सहित अपने उत्तर की पुष्टि कीजिये। 4*1=4

26. डब्लू टी ओ और एमनेस्टी इंटरनेशनल के प्रमुख कार्य क्या हैं । 2+2=4

अथवा

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए भारत के रुख का मूल्यांकन करिये।
4*1 =4

27 1975 के आपातकाल की समाप्ति पर गठित शाह आयोग की उपलब्धियों की व्याख्या कीजिये 4

अथवा

1977 के बाद किये गए प्रमुख संवैधानिक संशोधनों का वर्णन करें।

**<u>खंड - ई</u>**

**28.** भारत के दिए गए मानचित्र में ए, बी ,सी ,डी , ई , राज्य /केंद्र शासित प्रदेश दर्शाए गए हैं .नीचे दी गई जानकारी के आधार पर उन्हें पहचानिए और उनके नाम , प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर को दी गई तालिका के रूप में अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। (1+1+1+1+1=5)

| **प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या** | **संबंधित अक्षर** | **राज्य का नाम** |
|---|---|---|
| **1)** | | |
| **2)** | | |
| **3)** | | |
| **4)** | | |
| **5)** | | |

1. 1967 के चुनाव में इस राज्य में पॉपुलर यूनाइटेड फ्रंट की सरकार बनी।
2. 1965 से 1967 के बीच सर्वाधिक विकराल खाद्य संकट झेलने वाला राज्य।
3. भारत के प्रथम गवर्नर जनरल सी राजगोपालाचारी से संबंधित राज्य।
4. स्वतंत्र भारत के पहले संचार मंत्री रफी अहमद किदवई का गृह राज्य।
5. भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी से संबंधित राज्य।




नोट- निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 28 के स्थान पर हैं। इनके उत्तर लिखें। 5*1=5

1. पश्चिम बंगाल का विभाजन अलग राज्य के रूप में कब हुआ?

2. राजा हरि सिंह किस रियासत के शासक थे ?

3. उस दल का नाम लिखिए जिसने पहली बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बहुमत में आने से रोका ?

4. स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल का नाम लिखिए।

5. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई?

29. दिए गए कार्टून का ध्यान पूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (1+2+2=5)

( दो अंक के प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होनी चाहिए ।)




**(i)** दिए गए कार्टून का संबंध किस देश से है ? 1

(ii) कार्टून में शेर तथा बाघ किन-किन समुदायों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं ? 2

(iii) कार्टून में दिखाए गए व्यक्ति कौन है ? तथा कार्टून में दर्शाए गए उनके प्रयास का वर्णन कीजिए । 2

नोट:- निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर है ।

29.1 एल. टी. टी. ई. का संबंध किस देश से है ? 1

29.2 एल. टी. टी. ई. का पूर्ण रूप लिखिए । 2

29.3 एल. टी. टी. ई. की मुख्य मांगे क्या थी ? 2

**<u>खंड - एफ</u>**

**30** 'देशों की शांति और समृद्धि क्षेत्रीय आर्थिक संगठनों की स्थापना और मजबूती में निहित है'। इस कथन को स्पष्ट करें। 6

अथवा

चीन और भारत के बीच विवादास्पद मुद्दों की पहचान करें। अधिक सहयोग के लिए इनका समाधान कैसे किया जा सकता है? अपने सुझाव दें। 3+3=6

31 बहुत से लोग सोचते हैं कि सफल लोकतंत्र के लिए दो-पक्षीय प्रणाली की आवश्यकता होती है। पिछले बीस वर्षों के भारत के अनुभव से आकर्षित होकर, भारत में वर्तमान पार्टी प्रणाली को क्या फायदे हैं, इस पर तर्क सहित उत्तर दे। 6

अथवा

1989 के बाद से से भारतीय राजनीति में ऐसे किन्हीं चार मुद्दों का वर्णन कीजिये जिन पर सभी राजनीतिक दलों की सहमति है। 6

32 उन तीन चुनौतियों के बारे में बताएं, जिनका सामना स्वतंत्र भारत को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया के दौरान करना पड़ा? 3*2=6

अथवा

राष्ट्र निर्माण के दौरान रियासतों के एकीकरण में कौन-कौन सी समस्याएं आयीं। व्याख्या कीजिये.। 6

**********